जयंती | युवा दिवस के रुप में मनाई गई विवेकानंद की जयंती

जगह-जगह स्कूलों में हुआ सूर्य नमस्कार

नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा। 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द जी की जन्म जयंती युवा दिवस के रुप में मनाई गई। वहीं सभी स्कूलों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए।स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने राजमार्ग स्थित राव रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और युवाओं के सपने का भारत स्वामी जी की परिकल्पना को साकार करने की बात कही। वहीं क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़ियां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लिया।इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राएं शिक्षक और क्षेत्रीय कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सूर्य नमस्कार का आयोजन

संपूर्ण देश और प्रदेश में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रुप में मनाई गई वहीं क्षेत्र के सभी स्कूलों में सुबह से ही सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा सभी विधाओं पर सूर्य नमस्कार संपन्न कराते हुए प्रत्येक आसान का महत्व बताया और शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों लाभों को भी विस्तार से बताया गया। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार डोभी इमझिरा चांवरपाठा भामा बिल्थारी तेंदूखेड़ा के सभी स्कूलों कालेजों में भी सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न हुये।

शासकीय माध्यमिक शाला डोंगरगांव नर्मदा में सूर्य नमस्कार

नरसिंहपुर शासकीय माध्यमिक शाला डोंगगांव नर्मदा के प्रांगण विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद की जयंती (युवा दिवस) के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात, शारीरिक शिक्षक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार के सभी 12 चरणों का सस्वर मंत्रोच्चार के साथ अभ्यास किया।

युवा दिवस का आयोजन

करेली। नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में दिनाँक 12 जनवरी को युवा दिवस का आयोजन किया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं को योग अभ्यास कराया गया। खेल शिक्षिक अनिमेष शर्मा एवं नीतू श्रीवास्तव ने युवा दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन योग करने से होने वाले फायदे,योग को करने के सही नियमों एवं तरीकों के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम- विलोम आदि योगाभ्यास कराए गए ।इस अवसर पर कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन हुआ।

बी एस एल पब्लिक स्कूल मनाई में स्वामी विवेकानंद जयंती

करेली। बी एस एल पब्लिक स्कूल में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रनिर्माण, आत्मविश्वास और अनुशासन के मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मिथिलेश राजौरिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश आज भी युवाओं को लक्ष्य निर्धारण, आत्मबल और सेवा भाव के मार्ग पर अग्रसर करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत योग प्रशिक्षक श्री विशाल सोनी के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।कार्यक्रम में विद्यालय निर्देशक चेतन लूनावत, प्राचार्य श्री मिथिलेश राजौरिया सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जयंती महर्षि ज्ञान योग दिवस में मनाई गई

नरसिंहपुर । महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ महर्षि आश्रम कपूरी रोड़ संजय वार्ड में महर्षि जी की जयंती महर्षि ज्ञान योग दिवस में मनाई गई। कार्यक्रम में एम आई एम टी चेयरमैन इंजी.रूद्रेश तिवारी ने कहा कि आश्रम में वैदिक रीति-रिवाज से जहां शिक्षा दी जाती है वहीं यहां से सकारात्मक संदेश और ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नीलेश जाट ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अश्विनी भार्गव ने बताया कि 122 देशों में महर्षी आश्रम कार्यरत एवं महेश जी के भावातीत ध्यान केंद्र संचालित हैं । आभार प्रदर्शन सतीश श्रीवास्तव ने किया। इसके पूर्व अतिथियों ने पूजन किया एवं श्री नरसिंह प्रभात फेरी द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। उक्त मौके पर सुभाष ठाकुर, राजू पटेल, नीरज पटेल, आश्रम के आचार्य राहुल शर्मा, प्रधानाचार्य सुनील शर्मा के अलावा क्षेत्रीय नागरिक, आश्रम के कर्मचारी अधिकारी एवं शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी मौजूद थे।

साईखेड़ा के वार्ड क्रमांक 1 में मंडरा रहा मौत का साया

नवभारत/साईखेड़ा। नगर परिषद साईखेड़ा के वार्ड क्रमांक 1 में विद्युत व्यवस्था बदहाली के आंसू रो रही है। यहाँ दशकों पुराने और जर्जर हो चुके बिजली के तार आए दिन टूटकर गिर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में किसी बड़ी अनहोनी का डर बना हुआ है। इस गंभीर समस्या को लेकर वार्ड के पूर्व पार्षद और वरिष्ठ पत्रकार कमल पटेल ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए व्यवस्था सुधारने की पुरजोर मांग की है।

बाबा आदम के जमाने के हैं तार

कमल पटेल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 में जो बिजली की लाइनें बिछी हुई हैं, वे बाबा आदम के जमाने की हैं। लंबे समय से रखरखाव न होने और तारों के पुराने होने के कारण उनकी क्षमता खत्म हो चुकी है। ये तार इतने कमजोर हो गए हैं कि मामूली हवा चलने या भार बढ़ने पर भी टूटकर जमीन पर गिर जाते हैं। कई बार ये तार रिहाइशी मकानों और व्यस्त रास्तों पर गिरते हैं, जिससे राहगीरों और मवेशियों की जान पर बन आती है।

कभी भी हो सकती है जनहानि

शिकायत में इस बात पर जोर दिया गया है कि बिजली विभाग की लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है। वार्डवासियों का कहना है कि तार टूटने से न केवल बिजली गुल होती है, बल्कि करंट फैलने का खतरा भी बना रहता है। विशेषकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक है। पूर्व पार्षद कमल पटेल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विभाग ने जल्द ही इन पुराने तारों को बदलकर नई केबलिंग (ABC केबल) नहीं की, तो किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी पूरी तरह से विद्युत मंडल की होगी।

व्यवस्था दुरुस्त करने की अपील

पत्रकार कमल पटेल ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से अपील की है कि वार्ड क्रमांक 1 के जर्जर तारों का तत्काल सर्वे किया जाए। पुराने और झूलते हुए तारों को बदलकर आधुनिक इंसुलेटेड केबल लगाई जाए। ढीले खंभों और जंक्शन बॉक्स को दुरुस्त किया जाए ताकि विद्युत प्रवाह सुरक्षित रहे। वार्ड वासियों में आक्रोश: क्षेत्र के नागरिकों ने भी कमल पटेल की इस मांग का समर्थन किया है। लोगों का कहना है कि हम नियमित बिजली बिल का भुगतान करते हैं, लेकिन सुरक्षा के नाम पर विभाग उदासीन बना हुआ है। अब देखना यह है कि विभाग इस चेतावनी के बाद कब जागता है और वार्डवासियों को इस खतरे की लाइन से मुक्ति दिलाता है।

स्व.दौलत राय की पुण्यतिथि पर संकट मोचन में महाआरती

नवभारत/गोटेगांव विगत दिवस स्थानीय बकतला स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में श्री रामभक्त हनुमानजी की महाआरती पं.दीपक तिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ कमलेश विमलेश नीलेश एवं कुअनिता राय के द्वारा अपने पूज्य पिता स्व.श्री दौलतसिंह राय की पुण्य तिथि पर पूजन अर्चन किया ! संकट मोचनजी को रबड़ी का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुजनों द्वारा सामूहिक रूप से श्रीराम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा, श्री हनुमानजी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती।

शिवाय स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मिली वॉटर टेस्टिंग किट, अब घर-घर होगी पानी की जांच

नवभारत/करेली। नगर में नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में नगर पालिका परिषद करेली ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। श्री शिवाय स्व सहायता समूह की महिलाओं को वॉटर टेस्टिंग किट प्रदान की गई। किट वितरण नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि किट वितरण से पूर्व स्व सहायता समूह की महिलाओं को जल गुणवत्ता परीक्षण का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को पानी की जांच की वैज्ञानिक विधियां, उपकरणों का सही उपयोग, पीएच एवं टीडीएस जैसी महत्वपूर्ण जांचों की जानकारी के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल के स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। किट मिलने के बाद स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर पेयजल की गुणवत्ता की जांच शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में सुभाष वार्ड एवं जयप्रकाश वार्ड में पानी की पीएच एवं टीडीएस जांच की गई।

एक नजर में

भागवत कथा का रसपान कर रहे श्रद्धालु

साईखेड़ा। नगर के समीप स्थित रिया ईवी मोटर्स प्रतिष्ठान में विष्णु प्रसाद बड़कुर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन दिव्य प्रसंगों की वर्षा हुई। श्रीधाम वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अंकुर जी दीक्षित ने भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य और उनकी बाल लीलाओं का बड़े ही भावपूर्ण ढंग से वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास पंडित अंकुर दीक्षित ने व्यासपीठ से प्रवचन देते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार और अधर्म बढ़ता है, तब-तब भक्तों की पुकार पर भगवान अवतार लेते हैं।

ग्रैंडफादर डे मनाया गया

नवभारत/गोटेगांव। विगत दिवस संस्कार भारती पब्लिक स्कूल में ग्रैंडफादर डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और भावनात्मक वातावरण में किया गया। इस विशेष दिन पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं के दादा-दादी को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया गया, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिसर पारिवारिक स्नेह और भारतीय संस्कारों की खुशबू से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके उपरांत नन्हे बच्चों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। बच्चों ने गीतों, नृत्य, भावपूर्ण कविता पाठ और लघु नाटिकाओं के माध्यम से अपने दादा-दादी के प्रति अगाध प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त की, जिसे देख वहां मौजूद सभी बुजुर्ग अतिथि भावविभोर हो गए। आयोजन को और अधिक यादगार बनाने के लिए विद्यालय द्वारा दादा-दादी के लिए कई रोचक गतिविधियों और खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ जनों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी सम्मानीय अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अपने संबोधन में दादा-दादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे परिवार की उस मजबूत ज? के समान हैं, जिनके अनुभव और जीवन मूल्यों से बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संस्कारों को जीवित रखना है।

रुद्र मैदान पर आयोजित हुआ आरएसएस युवा सम्मेलन

नवभारत/गाडरवारा । स्थानीय रुद्र मैदान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का युवा सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में चीचली , सालीचौका सांईखे ?ा, खंड से आए स्वयंसेवकों व युवाओं के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। यह सम्मेलन संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले युवाओं द्वारा भव्य वाहन रैली निकाली गई जो पलोटन गंज के वृंदावन गार्डन से होते हुए नगर के मुख्य मार्ग निकली ओर रूद्र मैदान में समापन हुआ । प्रथम सत्र में ध्वज प्रणाम के साथ शाखा लगाई गई। विभिन्न खंडों से आए स्वयंसेवकों ने शारीरिक व्यायाम एवं खेल गतिविधियों में सहभागिता कर अनुशासित जीवन और उत्तम स्वास्थ्य के महत्व को आत्मसात किया। द्वितीय सत्र में संघ द्वारा घोषित पंच परिवर्तन विषय पर सकारात्मक एवं विचारोत्तेजक चर्चा हुई। इसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी जैसे विषयों पर विस्तार से विमर्श किया गया। साथ ही नशा मुक्ति को सामाजिक दायित्व के रूप में अपनाने का आह्वान किया गया। तृतीय सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ताओं के उद्बोधन हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुरु पीतांबरा धाम आश्रम ककरा घाट ने आशीष वचन देते हुए कहा कि कहा कि भगवान राम ने सोने की लंका जीतने के बाद उसे विभीषण को सौंप दिया, क्योंकि उनके लिए जननी और जन्मभूमि सर्वोपरि थीं। युवा वह शक्ति है जो हर सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमता, साहस और गुणों का उपयोग राष्ट्र की उन्नति एवं गौरव बढ़ाने में करें । मुख्य वक्ता प्रेम शंकर क्षेत्र प्रचारक ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के सौ वर्षों की यात्रा का मूल उद्देश्य राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान की भावना को जागृत करना है। उन्होंने डॉ. हेडगेवार के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत पर हुए बाहरी आक्रमणों का मुख्य कारण हिंदु समाज में स्वाभिमान की कमी रही है। उन्होंने कहा कि जब युवाओं के मन में भारत माता के प्रति श्रद्धा जागेगी, तभी वे देश, समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। युवाओं को चाहिए कि वे करियर और परिवार के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी चिंतन करें। स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर युवाओं को भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेना चाहिए ।युवा सम्मेलन में विभाग प्रचारक आनंद जिला प्रचारक रवि दत्त जिला संघ चालक आदित्य मोहन , हरिप्रताप ममार की उपस्थिति रही ।सम्मेलन के दौरान युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। रुद्र मैदान पर रंगोली सजाकर पंच परिवर्तन का संदेश दिया गया । अमर शहीद स्वर्गीय आशीष शर्मा को समर्पित करके एक प्रदर्शनी भी लगी जिसमें युवाओं को प्रेरणादायक स्लोगन एवं चित्र प्रदर्शित किए गए व उनका स्मरण किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित संतों ने नशा मुक्ति एवं सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश देकर उपस्थित जनसमूह को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया ।युवाओं ने अनेक खेल मैदान में खेल खेल नशा एवं कुरीतियों से दूर रहने का संकल्प लिया भव्य युवा सम्मेलन में हजारो युवा सम्मिलित हुए ।

ग्राम पंचायत सिमरी बड़ी में गंदगी का अंबार, स्वच्छता अभियान की खुली पोल

नवभारत/ गोटेगांव। जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिमरी बड़ी इन दिनों बदहाल सफाई व्यवस्था और चारों ओर फैली गंदगी को लेकर चर्चाओं में है। गांव की मुख्य सड़क से लेकर मोहल्लों तक कूड़े के ढेर नजर आ रहे हैं, जिससे पूरे गांव में दुर्गंध फैल रही है और ग्रामीणों को बीमारियों का खतरा सता रहा है। ग्राम सिमरी बड़ी की मुख्य सड़क, जो आसपास के गांवों और कस्बों को जोड़ती है, उस पर जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है। कई स्थानों पर महीनों से कचरा नहीं उठाया गया है। ठंड के मौसम में सड़ता कचरा बजबजाने लगा है, जिससे ग्रामीणों को सांस लेने तक में परेशानी हो रही है।गांव की नालियों की स्थिति भी अत्यंत दयनीय बनी हुई है। अधिकांश नालियां कचरे से भरी पड़ी हैं और कई स्थानों पर जाम होकर गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

नाम परिवर्तन

प्रीति बाई पति मनोज कुमार मेहरा निवासी ग्राम भिंडवार तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर आधार कार्ड में मेरा नाम शांती मेहरा है जो कि गलत है मेरा सही नाम प्रीति बाई है अत: उसी नाम से मुझे जाना व पहचाना जावे। आधार कार्ड में में अपना सही नाम प्रीति बाई दर्ज करवाना चाहती हूं।

कल्याणपुर बना अवैध सट्टे का गढ़

नवभारत/ चीचली। नरसिंहपुर जिले में भले ही पुलिस अधीक्षक अपराध मुक्त जिला बनाने के दावे कर रहे हों और मातहतों को अवैध कारोबार पर नकेल कसने के सख्त निर्देश दे रहे हों, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके उलट नजर आ रही है। जिले का कल्याणपुर (बाना) क्षेत्र इन दिनों अवैध सट्टे के कारोबार का मुख्य केंद्र बन चुका है। यहाँ सट्टा माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न तो कानून का खौफ है और न ही खाकी का डर। गली-मोहल्लों में सरेआम दांव पर लग रही गाढ़ी कमाई स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कल्याणपुर में सट्टे का कारोबार अब चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम संचालित हो रहा है। सुबह से लेकर देर रात तक सट्टे की पर्चियां काटी जा रही हैं। इस अवैध दलदल में क्षेत्र का युवा वर्ग और मजदूर तबका तेजी से फंसता जा रहा है, जिससे कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुँच गए हैं। हैरानी की बात यह है कि जब भी इन गतिविधियों का विरोध होता है, तो सट्टा माफिया बड़े गर्व से अपनी पैठ का बखान करते हैं। सट्टा संचालकों का खुलेआम कहना है कि ऊपर से लेकर नीचे तक उनकी सेटिंग है और उनका काम कोई बंद नहीं करवा सकता। माफियाओं के इस दावे ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या वास्तव में पुलिस के संरक्षण में यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है या फिर माफिया पुलिस के नाम का दुरुपयोग कर अपना साम्राज्य चला रहे हैं विगत दिनों पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले भर के थाना प्रभारियों को जुआ, सट्टा और अवैध शराब के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन कल्याणपुर की स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि एसपी के निर्देशों का असर कल्याणपुर की सरहदों पर आकर खत्म हो जाता है।

कार्यालय नगर परिषद सांईखेड़ा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)

Main Road, Sainkheda Phone : 07791-250320 Email: cmosaikheda@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं. 34/ ई-टेण्डर/ 2025-26 | **निविदा सूचना** | सांईखेड़ा, दिनांक:- 12/01/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

स. क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2026_UAD_474924_1 12.01.2026	वार्ड क्र. 01 में धूनी दरवार के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (सी.एम. मॉनिट ए+)	08 माह 16690869.00	12500.00 83500.00	18/02/2026
2.	2026_UAD_474925_1 12.01.2026	स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत 04 नग 10 सीटर सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य।	08 माह 9474324.00	10000.00 71060.00	18/02/2026
3.	2026_UAD_474926_1 12.01.2026	वार्ड क्र. 01 में मेन रोड से संतोष राजपूत के मकान से होते हुए कुलवंत तोमर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	03 माह 3381399.00	5000.00 25360.00	18/02/2026
4.	2026_UAD_474927_1 12.01.2026	वार्ड क्र. 02 में आंगनवाड़ी से केल्कच्छ की तरफ डब्ल्यु.बी.एम. रोड निर्माण कार्य।	03 माह 1707367.00	2000.00 12805.00	18/02/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

अध्यक्ष नगर परिषद, सांईखेड़ा | मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद, सांईखेड़ा